हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, शनिवार 27 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

14 गढ़ स्तरीय शक्ति दिवस पर सामाजिक एकता शिक्षा...



14 राज्य युवा महोत्सव में कांकेर टीम के उम्दा प्रदर्शन..





## कार्रवाई : वाहन चालक लकड़ी दुर्ग के उतई की प्लाईवुड फैक्ट्री ले जा रहे थे

# कांकेर वनवृत्त दस्ते ने की औचक कार्रवाई लाखों की अवैध लकड़ी से भरे दो ट्रक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- आम व जामुन के लठ्ठों का अवैध परिवहन
- वन विभाग के अमले का कहा- सभी संलिप्तों पर होगी कार्रवाई

जिला कांकेर की सीमा से लगे केशकाल अंचल में आम और जामुन के हरे-भरे जंगलों को चुपचाप उजाड़ने का खेल लंबे समय से चल रहा था। रात के अंधेरे में कीमती लकड़ी ट्रकों में भरकर बाहर भेजी जा रही थी, लेकिन बीती रात वन विभाग कांकेर के उड़नदस्ते ने इस अवैध कारोबार पर बड़ी चोट करते हुए आम व जामुन की लकड़ी से लदे दो वाहनों को रंगे हाथों दबोच लिया। इस कार्रवाई से वन माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार वनवृत्त कांकेर का उड़नदस्ता बीती रात नियमित भ्रमण पर था। इसी दौरान कांकेर जिले के कुलगांव क्षेत्र में संदेहास्पद रूप से दो भारी वाहनों को लकड़ी का परिवहन करते देखा गया। उड़नदस्ते ने तत्काल सतर्कता दिखाते हुए दोनों वाहनों को रोककर जांच शुरू किया। पहला वाहन क्रमांक सीजी 04 पीबी 1305 (टाटा 1512) को रोका गया। चालक से जब लकड़ी परिवहन से संबंधित दस्तावेज मांगे गए तो वह कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में चालक वीरू मंडावी ने बताया कि वह कोंडागांव जिले के केशकाल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मचली के आश्रित ग्राम कोरगांव से लकड़ी लाकर उतई जिला दुर्ग ले जा रहा था। उसने यह भी स्वीकार किया कि वाहन मालिक तौसीफ मेमन के कहने पर लकड़ी का परिवहन किया जा रहा था, लेकिन मालिक द्वारा किसी भी प्रकार के दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए थे। इसके बाद जप्त किए गए वाहन के पीछे चल रहे दूसरे वाहन क्रमांक सीजी 17 केवाय 6664 को रोका। इस वाहन के चालक सेवकदास सेठिया ने जांच के दौरान ग्राम पंचायत द्वारा जारी एक अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) दिखाया। हालांकि वन विभाग के अधिकारियों ने दस्तावेजों की गहन जांच की तो पाया कि प्रस्तुत कागजात 22 दिन पुराने थे और नियमानुसार पूरी तरह नियमविरुद्ध थे। चालक ने बताया कि यह लकड़ी केशकाल निवासी सोहेल खान की है और इसे भी उतई, दुर्ग स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री तक पहुंचाने के निर्देश मिले थे।



### लाखों की लकड़ी, होगी सख्त कार्रवाई

वन विभाग कांकेर के डिपो में कार्रवाई के दौरान उपस्थित उड़नदस्ता प्रभारी धनलाल साहू ने बताया कि जब्त किए गए ट्रकों से लकड़ी उतारकर उसकी नापजोख की जा रही है। नापजोख पूरी होने के बाद ही लकड़ी की सटीक मात्रा और मूल्य का आकलन किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया देखने पर लकड़ी की लागत कम से कम दो लाख रुपये आंकी जा रही है। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि पूरे मामले की विस्तृत जांच की जाएगी और इसमें संलिप्त चालक, वाहन मालिक और लकड़ी के मालिक के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



### वन विभाग के अमले ने दोनों वाहन को किया जब्त

दोनों ही मामलों में दस्तावेजों की गंभीर खामियों और अवैध परिवहन की पुष्टि होने पर उड़नदस्ते ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों वाहनों को जब्त कर लिया। इसके बाद जब्त ट्रकों को कांकेर स्थित उपभोक्ता डिपो लाया गया, जहां लकड़ी को वाहनों से उतारने की प्रक्रिया शुरू की गई। एक वाहन से आम व जामुन के लकड़ी के लट्ठे पूरी तरह उतारे जा चुके हैं, जबकि दूसरे वाहन से लकड़ी उतारने का कार्य समाचार लिखे जाने तक जारी था।

### आम व जामुन का जंगल हो रहा साफ

जांच के दौरान वाहन चालकों ने चौंकाने वाला खुलासा किया। उन्होंने वन अमले को बताया कि केशकाल क्षेत्र में आम और जामुन के जंगलों की लंबे समय से कटाई की जा रही है। स्थानीय स्तर पर इस अवैध गतिविधि की जानकारी होने के बावजूद संबंधित प्रशासनिक और वन विभाग के कुछ अधिकारी कथित रूप से आंखें मूंदे हुए हैं। आरोप यह भी लगाया गया कि कुछ छोटे-मोटे कर्मचारियों और दलालों को मामूली रकम देकर सेट कर लिया जाता है, जिसके कारण यह अवैध खेल बेरोकटोक जारी है। इस खुलासे ने न केवल वन विभाग बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो केशकाल का हरा-भरा इलाका आने वाले समय में बंजर होने की कगार पर पहुंच सकता है।

## खबर संक्षेप

### सटेली में हल्बा समाज ने मनाया शक्ति दिवस



**दुर्गुकोंदल।** अखिल भारतीय हल्बा हल्बी समाज सटेली द्वारा 26 दिसंबर को शक्ति दिवस का पर्व मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समाजजनों ने अपने इष्टदेवी मां दंतेश्वरी की पूजा अर्चना कर की। इसके बाद कलश यात्रा निकाली, जो पूरे ग्राम का भ्रमण कर वापस सामाजिक भवन पहुंची। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य पीलम नरेटी ने कहा समाज में उपस्थित महिलाओं की संख्या बता रही हैं कि महिलाएं आज शिक्षित हो गई है। समाज के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सरपंच बलराम टेपरिया, अध्यक्षता शंभू राना, मनराखन बारला, सुरेंद्र राना, श्रवण टेपारिया, अग्नू बारला, ईश्वरी राना, कौशिल्या टेपारिया, लक्ष्मी नारायण, आनंद राना व अन्य उपस्थित रहें।

### आधार कार्ड नामांकन व सुधार शिविर आज होगा

**कांकेर।** भारतीय डाक विभाग द्वारा प्रधन डाकघर कांकेर में 27 दिसंबर शनिवार को आधार नामांकन एवं सुधार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पांच वर्ष के बच्चों का नवीन आधार कार्य, पुराने आधार में बायोमेट्रीक एवं डेमोग्राफिक अपडेट का कार्य किया जाएगा। विद्यार्थी एवं अभिभावक अपने साथ पुराना आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, अंकसूची, पासपोर्ट व अन्य दस्तावेजों के माध्यम से अपडेट की सुविधा का लाभ ले सकते हे।

### डे नाइट प्रो कबड्डी प्रतियोगिता 28 से

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम कोड़ाखुरी दमकसा में नव युवा क्लब कबड्डी समिति के तत्वाधान में पुरुष प्रो कबड्डी प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन 28 से 29 दिसंबर तक किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता डे-नाईट प्रारूप में आयोजित होगी, जिसमें क्षेत्र सहित आसपास के गांवों की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। आयोजन समिति ने बताया कि टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों के लिए आकर्षक पुरस्कार प्रथम पुरस्कार 20000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 10000 रुपए, तृतीय पुरस्कार 5000 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 3000 रुपए प्रदान किया जाएगा।

### बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 31 से

**दुर्गुकोंदल।** ब्लॉक दुर्गकोंदल अंतर्गत ग्राम नेवारखेड़ा में संकुल स्तरीय तीन दिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 31 दिसंबर से 2 जनवरी तक किया जा रहा है। इस खेल आयोजन को लेकर क्षेत्र में विशेष उत्साह एवं उमंग का माहौल देखने को मिल रहा है। प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण अंचल के बालक-बालिकाओं को खेलों के माध्यम से आगे बढ़ने का अवसर देना तथा उनमें खेल भावना, अनुशासन और टीम वर्क का विकास करना है। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों एवं संकुलों के छात्र-छात्राएं भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

### 20.44 लाख क्विंटल से अधिक धान बिका

**कांकेर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत जिले के सभी 149 उपार्जन केंद्रों तथा 70 सहकारी समितियों में किसानों के द्वारा धान बेचा जा रहा है। खाद्य शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अब तक कुल 20 लाख 44 हजार 036 क्विंटल धान किसानों द्वारा बेचा जा चुका है। इसमें 20 लाख 22 हजार 114 क्विंटल मोटा धान तथा 20 हजार 693 क्विंटल पतला और एक हजार 228 क्विंटल सरना वैरायटी का धान सम्मिलित है।

## हल्बा-हल्बी समाज ने शक्ति दिवस को एकता दिवस के रूप में मनाया, निकाली कलशयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धनेलीकन्हार



- सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी किया गया आयोजन

अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी समाज, ग्राम धनेलीकन्हार द्वारा 26 दिसंबर को शक्ति दिवस को एकता दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां शीतला की पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके पश्चात कलश यात्रा निकाली गई, जो पूरे ग्राम का भ्रमण करते हुए सामाजिक भवन पहुंची। सामाजिक भवन में मां दंतेश्वरी की विधिवत पूजा-अर्चना के बाद ध्वजारोहण किया गया।

मुख्य अतिथि जनपद सदस्य सरस्वती केमरो ने कहा कि समाज में एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए सभी को आगे आना होगा। समाज के छट्ठी, मरनी एवं वैवाहिक कार्यक्रमों में फिजूलखर्ची पर रोक लगाते हुए नशाखोरी पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाना आवश्यक है, ताकि सामाजिक कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संचालित हो सकें। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक सदस्य का दायित्व है कि वह सामाजिक नियमावली का पालन करते हुए समाज की एकता के लिए अपना योगदान दे। विशिष्ट अतिथि सरपंच मधु मंडावीने कहा कि जिस प्रकार आज के इस कार्यक्रम में समाजजनों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई है, उसी तरह ग्राम सभाओं में भी सक्रिय भागीदारी करते हुए अपने अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान समाज की महिलाओं, युवाओं एवं युवतियों द्वारा सुआ नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के ⏭ शेष पेज 12 पर

## एसपी ने बैठक में अफसरों को दिए निर्देश नशा, जुआ और अपराध पर कसें शिकंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने पदभार संभालते ही सक्रिय पहल शुरू कर दी है। इसी कड़ी में 26 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में कांकेर एवं भानुप्रतापपुर अनुभाग के राजपत्रित पुलिस अधिकारियों तथा थाना-चौकी प्रभारियों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य अपराध नियंत्रण, प्रभावी विवेचना और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान को सुनिश्चित करना रहा।

आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिले में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि विवेचना के दौरान उन्नत तकनीकों का अधिकतम उपयोग किया जाए, ताकि अपराधियों को शीघ्र और ठोस साक्ष्यों के आधार पर सजा दिलाई जा सके। साथ ही शिकायतों, मर्ग, गुम इंसान एवं लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने थाना एवं अपराधों से संबंधित अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण और बेहतर रख-रखाव पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा ⏭ शेष पेज 12 पर

## सांसद खेल महोत्सव में महर्षि कालेज ने किया उम्दा प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित सांसद स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय को गौरांवित किया। यह ⏭ शेष पेज 12 पर

## एनसीसी शिविर में कैडटों ने बंदूक चलाकर निशानेबाजी की और राष्टसेवा की शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिले के सिंगारभाट में इन दिनों अनुशासन, देशभक्ति और आपदा से निपटने के जज्बे की जीवंत झलक देखने को मिल रही है। 8 छत्तीसगढ़ स्वतंत्र कंपनी (एनसीसी) कांकेर द्वारा शासकीय बालक एवं कन्या आश्रम सिंगारभाट में आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 2025 के अंतर्गत एनसीसी कैडेटों को बहुआयामी एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

आयोजित शिविर के दौरान कमांडेंट जिला सेनानी होमगार्ड के मार्गदर्शन में अग्निशमन केंद्र प्रभारी एवं उनकी टीम द्वारा फायर फाइटिंग एवं आपदा प्रबंधन पर विशेष प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर आग लगने की



स्थिति में बचाव, त्वरित नियंत्रण तथा जान-माल के नुकसान को न्यूनतम करने के व्यावहारिक तरीकों की विस्तार से जानकारी ⏭ शेष पेज 12 पर

## विकसित भारत जी राम जी के तहत अब 125 दिन के रोजगार की गारंटी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

केन्द्र सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को उन्नत कर विकसित भारत-जी राम जी योजना प्रारंभ किया है। इसका उद्देश्य केवल रोजगार प्रदाय करना नहीं, बल्कि गांवों के सतत और सुनियोजित विकास को सुनिश्चित करना है, जिसके तहत ग्रामीणों को 100 दिनों के बजाय 125 दिनों का रोजगार मिलेगा। इस प्रकार हितग्राहियों को 25 दिवस का अतिरिक्त रोजगार मिलेगा।

जानकारी के अनुसार 24 दिसम्बर बुधवार को जिले की ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया, जिसमें वीबी-जी राम जी योजना के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को दी गई। राज्य सरकार के निर्देश पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आयोजित ग्राम सभाओं में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। शासन के संकल्प के अनुरूप वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को ध्यान में रखा गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने बताया कि इस योजना से जहां पहले मनरेगा के कार्य मानवीय संसाधनों के आधार पर किए जाते थे, वहीं अब वीबी-जी राम जी योजना के तहत गांवों का विकास सैटेलाइट तकनीकी के माध्यम से किया जाएगा। योजना के अंतर्गत जल जीवन मिशन से संबंधित पेयजल आपूर्ति की मरम्मत एवं देखरेख, जल संरक्षण कार्य, मूलभूत ग्रामीण अवसंरचना का निर्माण, आजीविका से जुड़े कार्य, लखपति दीदियों के लिए आवास, खेती-किसानी से संबंधित कार्य, डबरी निर्माण सहित अन्य विकास कार्य कराए जाएंगे। साथ ही वर्ष के दो माह योजना अंतर्गत कार्य नहीं किए जाएंगे, जिससे खेती-किसानी के समय ग्रामीणों को आसानी से मजदूर उपलब्ध हो सकेगें।

जिला सीईओ ने यह भी बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामसभा में बैठकर ग्रामीण स्वयं गांव के विकास की योजना तैयार करेंगे, जिसे शासन द्वारा क्रियान्वित किया जाएगा। इससे आजीविका से जुड़े कार्यों को भी सम्मिलित किया गया है। पारदर्शिता एवं जवाबदेही के लिए डिजिटाइजेशन एवं टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, मोबाइल आधारित निगरानी आदि का उपयोग भी किया जाएगा।

## विधायक आशाराम ने भूमिपूजन करते हुए ग्रामीणों की दी सौगात

# 378.25 लाख की लागत से बनाया जा रहा है कोचवाही एनीकट, ग्रामों की बदलेगी तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जल संकट से जूझ रहे ग्रामीण अंचलों के लिए शुक्रवार 26 दिसंबर का दिन ग्राम कोचवाही के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। क्षेत्र के समग्र विकास, जल संरक्षण और कृषि समृद्धि को नई दिशा देने वाली एनीकट निर्माण परियोजना का विधिवत भूमिपूजन विधायक आशाराम नेताम और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। इस एनीकट की लागत 378.25 लाख रूपएं होगी।

भूमिपूजन के दौरान विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि जल ही जीवन है और जल संरक्षण के बिना ग्रामीण विकास की कल्पना अधूरी है। यह एनीकट न केवल वर्षा जल को सहेजने में सहायक होगा, बल्कि इससे आसपास के किसानों को सिंचाई के लिए स्थायी जल स्त्रोत भी उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि इस परियोजना से भूजल स्तर में सुधार होगा, खेती को मजबूती मिलेगी और ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। यह परियोजना सरकार की दूरदर्शी सोच और जनकल्याणकारी योजनाओं का परिणाम बताया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि एनीकट जैसे निर्माण कार्य ग्रामीण जीवन को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मजबूत आधार तैयार करते हैं। इससे आने वाली पीढ़ियों को भी लाभ मिलेगा और गांव में हरियाली बढ़ेगी। कार्यक्रम में शामिल ग्रामवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों पुरानी जल समस्या का अब स्थायी समाधान हो जाएगा। जलसंसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता धर्मेंद्र मेश्राम ने पूरे विधि-विधान के साथ भूमि पूजन संपन्न होने के बाद निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाने की जानकारी दी गई। उन्होने बताया कि एनीकट निर्माण पूर्ण होने के बाद ग्राम कोचवाही और आसपास के क्षेत्र में कृषि उत्पादन बढ़ेगा और गांव आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से आगे बढ़ेगा। यह परियोजना वास्तव में जल संरक्षण, कृषि उन्नति और ग्रामीण विकास की दिशा में एक सशक्त और दूरगामी कदम मानी जा रही है।



# जिला प्रशासन की निःशुल्क कोचिंग से युवाओं के सपनों को मिले पंख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।

जिला प्रशासन द्वारा संचालित लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग संस्थान कोंडागांव जिले के युवाओं के लिए उम्मीद की किरण बनकर उभरा है। सीमित संसाधनों और आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद जिले के युवाओं ने इस कोचिंग के माध्यम से नगर सैनिक, जिला बल एवं पुलिस बल में चयन पाकर अपने सपनों को साकार किया है। ग्राम मालाकोट निवासी जगबती मरकाम ने लक्ष्य कोचिंग से रणनीतिक तैयारी कर जिला बल में चयन हासिल किया। समाजशास्त्र में मास्टर डिग्री कर रहीं जगबती को कोचिंग से परीक्षा की सही दिशा, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास मिला। पाली गांव की नीलम मरकाम ने निःशुल्क कोचिंग का लाभ लेकर नगर सैनिक भर्ती में सफलता पाई। पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को संतुलित करते हुए उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी। मर्दापाल निवासी कृषक परिवार की बेटी रंजना राणा ने नियमित अभ्यास और अनुशासित दिनचर्या के बल पर नगर सैनिक में चयन पाया। लक्ष्य कोचिंग के मार्गदर्शन ने उनकी तैयारी को मजबूती दी।

**ग्रामीण युवाओं ने भी रचा सफलता का इतिहास :** ग्राम नेवरा निवासी बलीराम बघेल एवं ग्राम बफना निवासी मनोज नेताम ने लक्ष्य कोचिंग के माध्यम से छत्तीसगढ़ पुलिस बल में चयन पाकर यह सिद्ध किया कि मेहनत और सही मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं।

## जगबती मरकाम को मिला सही मार्गदर्शन, जिला बल में हुआ चयन

### एक साल में लक्ष्य कोचिंग के उल्लेखनीय परिणाम

10 दिसंबर 2024 से प्रारंभ हुए लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग संस्थान ने अल्प समय में ही शानदार परिणाम दिए हैं। नगर सैनिक 25 चयन, पुलिस आरक्षक जीडी 56 चयन, सहायक शिक्षक 1 चयन, एसएससी जीडी 14 चयन, अग्निवीर 1 चयन।




### युवाओं के लिए वरदान बनी निःशुल्क कोचिंग

संस्थान में यूपीएससी, सीजीपीएससी, व्यापम, एसएससी, बैंकिंग, शिक्षकभर्ती, पुलिस, वन विभाग सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है। वर्तमान में पीएससी, व्यापम, शिक्षक भर्ती एवं एसएससी जीडी की कक्षाएं निरंतर संचालित हैं।

## खबर संक्षेप

### पर्रेबानगांव में होगी महिला प्रो-कबड्डी व डीजे डांस स्पर्धा

**फरसगांव।** ब्लॉक के ग्राम पर्रेबानगाँव में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महिला समूह के द्वारा गाँव में दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रो-कबड्डी प्रतियोगिता एवं एक दिवसीय रात्रिकालीन जिला स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। यह आयोजन जनपद सदस्य लीलावती नेताम के नेतृत्व में किया जा रहा है। कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ 30 दिसंबर की सुबह किया जाएगा और 31 दिसंबर की शाम समापन किया जाएगा।

### जिला अस्पताल में मासूम को मिला नया जीवन

**नारायणपुर।** बखरूपारा निवासी तीन वर्षीय बालिका को 25 दिसंबर क्रिसमस की रात करीब 9 बजे जिला अस्पताल नारायणपुर के आपातकालीन विभाग में तेज दर्द और हल्के रक्तस्त्राव की स्थिति में लाया गया। जांच में सामने आया कि बच्ची की बाईं नासिका में पेन की स्प्रिंग पिछले एक सप्ताह से फंसी हुई थी, जो नाक की आंतरिक संरचनाओं में कसकर अटकी हुई थी। सूचना मिलते ही ऑफ ड्यूटी होने के बावजूद चिकित्सक डॉ. हिमांशु सिन्हा तत्काल अस्पताल पहुंचे और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए माइनर ऑपरेशन थिएटर में सूझबूझ, कुशलता और त्वरित निर्णय के साथ स्प्रिंग को सुरक्षित रूप से बाहर निकाला। समय पर किए गए इस उपचार से बच्ची को तुरंत राहत मिली और किसी भी गंभीर जटिलता से बचाव हो सका।

### धर्मांतरण के विरोध में निकाली बाइक रैली



**फरसगांव।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला कोंडागांव के द्वारा बांग्लादेश में कट्टरपंथियों के द्वारा हो रहे हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार एवं बस्तर में चल रहे धर्मांतरण के खिलाफ जिले में विशाल शौर्य जागरण यात्रा एवं आक्रोश रैली का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस विशाल शौर्य जागरण यात्रा एवं आक्रोश रैली का शुभारम्भ शुक्रवार को फरसगांव नगर के जनपद स्कूल मैदान से सुबह 11 बजे किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारी व सदस्यों बाईक रैली के माध्यम से नगर भ्रमण करने के बाद कोंडागांव के लिए रवाना हो गए। इस दौरान दयासागर उइके, धनेंद्र मणि निषाद, डगेंद्र नाग, घनश्याम पम्हार, ऋषि बर्मन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

### टिप्पर से टकराई बाइक,चालक की मौत

**फरसगांव।** नेशनल हाईवे 30 जटायू शिला के पास शुक्रवार की शाम करीब 6:30 बजे टिप्पर के पीछे बाइक टकरा गई । हादसे में बाइक चालक ग्राम उमरकोट 5 नंबर निवासी विप्लव भट्ट उम्र 22 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे तत्काल पुलिस पेट्रोलिंग की वाहन ने उपचार के लिए फरसगांव अस्पताल पहुंचाया। उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार विप्लव भट्ट बाइक में सवार होकर बोरगांव की ओर जा रहा था। तभी जटायु शीला के पास टिप्पर के पीछे टकरा गया।

## दिवस : पुजारी ने गुरु गोविंद सिंह एवं चारों साहिबजादों की मार्मिक कथा सुनाई

# भाजपा ने वीर बाल दिवस पर की संगोष्ठी और गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

वीर बाल दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में सिखों के दसवें गुरु, श्री गुरु गोविंद सिंह जी के चारों साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान को स्मरण किया गया। विशेष रूप से बाबा जोरावर सिंह जी एवं बाबा फतेह सिंह कि शहादत को नमन किया गया, जिन्हें धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए अल्पायु में ही दीवार में जीवित चुनवा दिया गया था।

मुख्य वक्ता गुरपाल रंधावा ने साहिबजादों की संपूर्ण जीवनगाथा एवं उनके सर्वोच्च बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि किस प्रकार छोटे-छोटे बालकों ने भी राष्ट्रधर्म एवं स्वधर्म की रक्षा के लिए हँसते-हँसते मृत्यु को स्वीकार किया। उनका वक्तव्य अत्यंत प्रेरणादायी एवं भावनात्मक रहा। संगोष्ठी के पश्चात सभी कार्यकर्ता गुरुद्वारा साहब पहुँचे, जहाँ पुजारी जी द्वारा गुरु गोविंद सिंह जी एवं चारों साहिबजादों की मार्मिक कथा सुनाई गई। इस दौरान उपस्थितजन भावविभोर हो गए। इस अवसर पर सिख धर्म के समर्पण, सर्वधर्म समभाव एवं सनातन संस्कृति की रक्षा में उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए वीर बाल दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया।



यह कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के मार्गदर्शन में मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे कि अध्यक्षता में किया गया। अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री गुरपाल रंधावा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहें। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष भाजपा बृजेश चौहान, जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा अरविंद जैन, मंडल महामंत्री राजीव श्रीवास एवं गिरधारी नरेटी, हेमप्रकाश शिवहरे, संकेत मशीन, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरोत्तम चौहान, ज्वाला प्रसाद जैन, महिला मोर्चा मंडल महामंत्री संगीता टांडिया, पार्षद राजकुमार यादव, गुमान ठाकुर, प्रेम शर्मा, गणेश पटेल, विजय पंजवानी, गौरव श्रीवास्तव, डीकेश साहू, हिमांशु ठाकुर, लक्ष्मण कुलदीप, जगन्नाथ साहू सहित सिख समाज भानुप्रतापपुर के प्रबुद्धजन एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### साहिबजादों को मोमबत्ती जलाकर दी श्रद्धांजलि



**दुर्गुकोंदल।** भारतीय जनता पार्टी मंडल दुर्गुकोंदल द्वारा वीर बाल दिवस के अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों वीर साहिबजादा, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंहकी अद्वितीय शहादत को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। यह आयोजन दुर्गुकोंदल के विश्राम गृह परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें भाजपा मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाजपा मंडल दुर्गुकोदल के अध्यक्ष बिदेसिह कल्लो, मंडल महामंत्री रामचंद्र कल्लो, कगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय दुर्गूकोदल जनभागीदारी समिति अध्यक्ष विजय पटेल, भाजपा पिछड़ा वर्ग जिला उपाध्यक्ष अशोक जैन आदिम जाति सहकारी समिति दुर्गूकोदल के अध्यक्ष जोहन गावड़े तथा किसान मोर्चा के ब्लॉक अध्यक्ष धरम मंडावी की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत साहिबजादों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। कार्यक्रम के दौरान भाजपा मंडल के सभी सदस्यों ने मोमबत्ती जलाकर साहिबजादों की शहादत को सलाम किया और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भाजपा मंडल के सदस्य तुलसी मतलामी, मुकेश कुमार नरेटी, हेम नारायण सिन्हा तुकाराम पटेल, मनी पुगाटी, सोमनाथ नेताम, अनिल कुमार उईके सहित अनेक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन देश की एकता, अखंडता और सांप्रदायिक सद्भाव के संकल्प के साथ किया गया।

# सुशासन सप्ताह और नवाचार केंद्रित कार्यशाला में जिला विजन पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला पंचायत के सभाकक्ष में मंगलवार 23 दिसम्बर को सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर थीम पर कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें जिला @100 विजन को लेकर विस्तृत चर्चा किया गया। आयोजित चर्चा के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा विभाग की वर्तमान स्थिति, वर्तमान में संचालित योजनाएं तथा प्रमुख चुनौतियां एवं वर्ष 2047 तक का विभागीय विजन पर अपने विचार साझा किया गया। कार्यशाला में पिछले पांच वर्षों में जिले में लागू गुड गवर्नेंस प्रैक्टिसेस एवं इनोवेशन्स अनुभवों और नवाचारों पर मंथन हुआ। साथ ही प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से सहभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने सभी संबंधित अधिकारियों को टीम भावना के साथ गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के लिए निर्देशित किया है। उल्लेखनीय है कि सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर विषय पर 19 से 25 दिसम्बर के बीच मनाया गया, जिसके तहत जिले के सभी विकासखण्डों तथा विभिन्न ग्रामों में विशेष शिविर आयोजित कर सार्वजनिक शिकायत निवारण और सार्वजनिक सुविधाओं को आम लोगों के लिए सुगम बनाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई।

# शिक्षक संघ की दो दिवसीय बैठक में महत्वपूर्ण विषयों पर लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ की दो दिवसीय जिला स्तरीय बैठक भानुप्रतापपुर एवं कांकेर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। बैठक में जिले के सातों विकासखंडों से प्रांतीय, संभागीय, जिला, तहसील, ब्लॉक, नगर, महासभा तथा महिला मोर्चा के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए।



बैठक की शुरुआत प्रदेश के इतिहास में पहली बार बहुप्रतीक्षित 3000 से अधिक प्राचार्य एवं व्याख्याता पदोन्नति प्रक्रिया के लिए मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए की गई। बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष टिकेश ठाकुर ने बताया कि आगामी 3 एवं 4 जनवरी को कला एवं कोल नगरी रायगढ़ में आयोजित प्रांतीय अधिवेशन सह शिक्षक सम्मेलन में जिले से बड़ी संख्या में शिक्षक भाग लेंगे। साथ ही फेडरेशन के प्रस्तावित आंदोलन में घटक संघ होने के नाते शिक्षक संघ भी सहभागी रहेगा। बैठक में शासन द्वारा वीएसके ऐप के माध्यम से शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने संबंधी आदेश का विरोध किया गया। संघ का मत है कि मोबाइल शिक्षकों की निजी संपत्ति है और शिक्षा विभाग में पहले से ही अनेक ऐप संचालित हैं, जिन्हें जबरन इंस्टॉल कराया जा रहा है। ऑनलाइन उपस्थिति से निजी डाटा लीक होने, मोबाइल हैक, ऑनलाइन फ्रॉड एवं डिजिटल अरेस्ट जैसी घटनाओं का खतरा बना हुआ है।

बैठक में जिले में पदोन्नति, समयमान के लंबित प्रकरण, सेवानिवृत्ति संबंधी मामलों, बोर्ड परीक्षाओं में रिजल्ट सुधार, निरीक्षण प्रोटोकॉल, मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान, राज्य में रिक्त प्राचार्य पदों पर पूरक सूची जारी करने एवं व्यक्तिगत प्रकरणों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इन सभी मुद्दों को लेकर संघ के जिला स्तरीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला कोषालय अधिकारी से मुलाकात करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष टिकेश ठाकुर, जिला सचिव पेशी राम कुंजाम, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य कांटेश्वरी तेता एवं प्रकाश साहू, संभागीय उपाध्यक्ष प्रवीण पांडेय, नगर अध्यक्ष खुशाल गजभिए, प्रेमलाल हुपेंडी, कृदत्त पम्मार एवं बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहें।

# सीएम ने हल्बा-हल्बी समाज के प्रतिनिधियों से मुलाकात की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में अखिल भारतीय राष्ट्रीय महासभा हल्बा हल्बी समाज के प्रतिनिधिमण्डल ने सौजन्य मुलाकात किया। प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री को 20 जनवरी ग्राम नर्राटोला जिला बालोद में आयोजित होने वाले क्रांतिकारी अमर शहीद गैंदसिंह के 201 वीं शहादत दिवस समारोह कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने आमंत्रण के लिए पूरे हल्बा हल्बी समाज के सदस्यों का धन्यवाद देते हुए आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मंतुराम पवार, जीआर राणा, श्याम सिंह तारम, जीआर चुरेंद्र, देवेंद्र सिंह भाऊ, पीआर नाइक, देवलाल ठाकुर, सहित समाज के अन्य पदाधिकारी व सदस्य द्वय मुकेश पौसार्य, छत्तर सिंह, कोमा, उदय राम सिवाना, तिहार सिंह तारम, खोरबहरा गौर, दीपेश कृपाल, सुहेर कोसमा, बनवाली चिराम, हिन्सा राम चिराम, गौतम देहारी, नितेश नायक सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।



### बड़े ककांलिन मंदिर में पूजा कर मनाया शक्ति दिवस पर्व



**कांकेर।** शक्ति दिवस पर्व बड़े ककांलिन मंदिर कांकेर में हर्सोऊलास के साथ मनाया गया। सभी अतिथियों के दारा मां दंतेश्वरी माई, शहीद गैंद सिंह नायक के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित एंव पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत मचांसीन अतिथि का स्वागत कर स्वागत गीत पुनू राम प्रधान के द्वारा किया गया। देवेन्द्र भाऊ ने शक्ति दिवस पर्व से सम्बंधित जानकारी दी। तरेनद्र भण्डारी ने महिलाओं को जागरूक होकर समाज को आगे बढ़ाने लिए के लिए प्रेरित किया गया। प्रकाश दिवान ने युवा युवतियों को आगे आने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में राम कुमार देहारी, यशवंत गुरु, भागीरथी नाग, डॉ नरेंद्र राणा, नेमू कृषान, रामानंद कोसमा, विजय नाग, प्रशांत देहारी, देवेन्द्र देहारी, प्रेमबती नायक, तोषी कश्यप, पुनित राणा, भावेश प्रधान आदि उपस्थित रहे।

### महेंद्रपुर आंबा केंद्र में मनाया वीर बाल दिवस



**दुर्गुकोंदल।** आंगनबाड़ी केंद्र महेंद्रपुर में वीर बाल दिवस मनाया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बिंदा सलाम ने बच्चों को वीर बाल दिवस के आयोजन का उद्देश्य और महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह के सुपुत्र बाबा जुझार सिंह और जोरावर सिंह ने मात्र 7 साल एवं 9 साल की उम्र में अपने देश के प्रति सम्मान, अन्याय एवं अधर्म के खिलाफ आवाज उठाकर अपना बलिदान दिया। उनके साहस, दृढ़ता के गुण और बलिदान का हम सभी को सम्मान करना चाहिए। बच्चों के कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस अवसर पर मीना उईके, अश्वनी जैन व अन्य लोग उपस्थित रहें।

# तीन परिवारों को मिला प्रधानमंत्री बीमा योजना का सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- बीमा राशि से मिला आर्थिक संबल आश्रितों को राहत

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री बीमा योजनाएं जरूरतमंद परिवारों के लिए संकट की घड़ी में आर्थिक सुरक्षा का मजबूत आधार बन रही हैं। दुर्घटना अथवा असमय निधन की स्थिति में यह योजनाएं प्रभावित परिवारों को राहत और संबल प्रदान कर रही हैं।

जिले के दो परिवारों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा एक परिवार को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत बीमा राशि प्रदान की गई। ग्राम उमरगांव निवासी पूर्णिमा मांडवी को उनके पति स्वर्गीय रतन राम मांडवी के निधन के पश्चात बीमा राशि प्रदान की गई। ग्राम सिंघनपुर, पोस्ट उमरगांव निवासी साधुराम को उनकी पत्नी स्वर्गीय धसीन बाई के पानी में डूबने से हुए आकस्मिक निधन पर बीमा सहायता मिली। वहीं ग्राम डूमर गोदारा निवासी मंगलदई मांडवी को उनके पति स्वर्गीय आंदोराम मांडवी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु के बाद प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का लाभ मिला।




**प्रत्येक परिवार को 2–2 लाख की सहायता –** तीनों मामलों में पात्र हितग्राही परिवारों को 2–2 लाख रुपये की बीमा राशि स्वीत की गई। जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना द्वारा आश्रित परिवारों को चेक प्रदान किए गए। बीमा राशि प्राप्त करने पर लाभार्थियों ने शासन–प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पति की मृत्यु के बाद जीवनयापन और बच्चों की शिक्षा जैसी चुनौतियों के बीच यह आर्थिक सहायता उनके लिए अत्यंत सहायक सिद्ध हुई है।

## पेज 11 के शेष...

### हल्बा-हल्बी समाज...

अध्यक्ष तोखराज बारला ने भी अपने विचार रखे। आयोजित कार्यक्रम में उपसरपंच वेद कुमार औरसा, लोकेश्वर सेन, व्यास साहू, ग्राम पटेल समधर नरेटी, सर्किल उपाध्यक्ष भुजबल तारम, सुकाल फरदिया, पंच गजेन्द्र सिंह पोटाई, गीता औरसा, सुखयारीन लाटीया, शिवनाथ चुरेंद्र, मतेश्वर बारला, जसवंत तारम, कृष्णा निषाद, कृष्णा साहू, ईश्वर नायक, दयालु लाटीया, खेमलाल नायक, नकछैडीन बाई विश्वकर्मा, सुमित्रा पोटाई सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### एसपी ने बैठक...

कि दस्तावेजों की सही व्यवस्था न केवल विवेचना को मजबूत बनाती है, बल्कि न्यायालयीन कार्यवाही में भी सहायक सिद्ध होती है। बैठक में अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा एवं सूखा नशा जैसी अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने संगठित अपराधों में संलिप्त अपराधियों की पहचान कर टीम गठित करते हुए अंतिम आरोपी तक कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशे और संगठित अपराध के खिलाफ किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक मंगलवार को पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की शिकायतों और समस्याओं के निराकरण हेतु अर्दलीय कक्ष बैठक आयोजित करने की घोषणा की, जिससे विभागीय स्तर पर समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। समीक्षा बैठक में उप पुलिस अधीक्षक कांकेर योगेश साहू, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी भानुप्रतापपुर शेरबहादुर सिंह ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन गिरिजा शंकर साव, उप पुलिस अधीक्षक विंकेश्वरी पिन्दे, एसडीओपी मो. मोहसिन खान, उप पुलिस अधीक्षक कांकेर कविता धुर्वे सहित पुलिस कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सांसद खेल महोत्सव...

प्रतियोगिता 24 और 25 दिसंबर को जिला मुख्यालय कांकेर स्थित नरहरदेव खेल मैदान में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के अंतर्गत विभिन्न खेल स्पर्धाएँ आयोजित हुईं, जिसमें जिले की आठ विधानसभा क्षेत्रों से खिलाड़ियों ने सहभागिता की। महाविद्यालय की महिला वॉलीबॉल टीम तथा एथलेटिक्स 100 मीटर दौड़ स्पर्धा में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। खिलाड़ियों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से पूरे महाविद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह, खेल अधिकारी एवं समस्त अधिकारी-कर्मचारियों ने विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

### एनसीसी शिविर में ...

दी गई। अग्निशमन टीम ने आग बुझाने के विभिन्न आधुनिक और पारंपरिक तरीकों का प्रदर्शन कर कैडेटों को आपात परिस्थितियों में त्वरित निर्णय लेने, सेवा-भाव से कार्य करने और जन-धन की रक्षा हेतु तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया। दस दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर में एनसीसी कैडेटों को पीटी, योग, ड्रिल, शस्त्र प्रशिक्षण, फायरिंग, प्राथमिक चिकित्सा, मैप रीडिंग, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ थल सेना से संबंधित विविध प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त विषय विशेषज्ञों द्वारा समसामयिक एवं जीवनोपयोगी विषयों पर प्रेरणादायक व्याख्यान भी आयोजित किए जा रहे हैं। यह दस दिवसीय शिविर कैम्प कमांडेंट कर्नल सुमीत शर्मा के कुशल निर्देशन में संचालित हो रहा है। संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में 558 एनसीसी कैडेट भाग ले रहे हैं, जो न केवल सैन्य अनुशासन और नेतृत्व क्षमता सीख रहे हैं, बल्कि राष्ट्र सेवा और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति भी सजग हो रहे हैं। यह शिविर कैडेटों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सशक्त और प्रेरणादायी पहल साबित हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### भिक्षुकों व श्रद्धालुओं को बांटे गए कंबल



**दंतेवाड़ा।** जिला प्रशासन के तत्वाधान में नगर पालिका परिषद ने शीत ऋतु की अधिकता को देखते हुए मंदिर परिसर में मौजूद भिक्षुकों, असहाय व्यक्तियों तथा जरूरतमंद श्रद्धालुओं को कंबल वितरित किये। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता एवं उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा, एसडीएम लोकांश ऐल्मा, नायब तहसीलदार भादुराम धनकर उपस्थित थे।

### औषधि वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**बीजापुर।** बीजापुर में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत एनएमडीसी द्वारा प्रदत्त औषधि वाहन को कलेक्टर परिसर में कलेक्टर संबित मिश्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता चौबे ने संयुक्त रूप से वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. बीआर पुजारी ने बताया कि उक्त औषधि वाहन के माध्यम से जिले के दूरस्थ एवं संवेदनशील क्षेत्रों तक आवश्यक जीवनरक्षक दवाइयों एवं स्वास्थ्य सामग्री की समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

### अटल जी की 101वीं जयंती मनाई गई



**बीजापुर।** भारत रत्न, प्रखर राष्ट्रवादी नेता एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 101वीं जयंती के अवसर पर बीजापुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अटल परिसर का लोकार्पण कर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। यह कार्यक्रम वर्चुअल माध्यम से आयोजित किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, मीडिया प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। इस वर्चुअल कार्यक्रम में नगरपालिका उपाध्यक्ष भुवन सिंह चौहान, एसडीएम जागेश्वर कौशल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी बंशीलाल नुरेटी, नगरपालिका बीजापुर के पार्षदगण, मीडिया प्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

### विशेष ग्राम सभा में जी राम जी के प्रावधानों पर चर्चा

**बीजापुर।** जिले की ग्राम पंचायतों में राष्ट्रीय पेसा दिवस के अवसर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता चौबे ने बताया कि कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन में विशेष ग्राम सभा के आयोजन एवं विकसित भारत - रोजगार एवं आजीविका मिशन-ग्रामीण वीबी-जी राम जी के विभिन्न प्रावधानों और 2047 में विकसित भारत के विजन पर चर्चा के लिए ग्राम पंचायतों नोडल अधिकारियों की नियुक्त किये गए है।

# सुदामा ने कठिन परिस्थितियों में अपने आराध्य को नहीं छोड़ा : आचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल

ब्लॉक मुख्यालय तोकापाल के बेड़ागुड़ा पंचायत के मिडिल स्कूल मैदान में भागवत कथा का आयोजन हो रहा। इस कथा में 15 से 26 दिसंबर तक 12 दिवसीय कथा का संचालन हो रहा है। 26 दिसंबर को भागवत कथा का अंतिम दिवस में आचार्य सुमित भारद्वाज महाराज, महंत राधागिरधर के निकुंज सेवाश्रम कबीरधाम ने कृष्ण के वचन मधुर वाणी में कृष्ण लीलाओं व उनके वचनों को भक्तों को भावपूर्ण वर्णन किया। आचार्य ने इनमें से सुदामा के बालपन व कृष्ण के बालपन सखा का वर्णन को बताया तो कृष्ण के मधुर भाव में डूबे सुदामा ने अपने भगवान को गरीबी में भी नहीं छोड़ा।

नारायण के भक्ति में भी परम आनंद है, भगवान प्रेम के भूखे हैं और मोह माया का त्याग पर ही प्रभु को पाना संभव है। सत्य के मार्ग में चलकर जीवन की कठिनाइयों को पार सकते हैं। इनमें से सुदामा के चरित्र चित्रण को जीवन में उतारने हेतु आज के युवाओं को आगे आना है। आचार्य ने



बतलाया और भक्त प्रहलाद का नारायण के प्रति प्रेम आदित्य है। युवा अपने कल्याण मार्ग में नारायण के चरित्र को अपने जन्म मृत्यु के बंधन से मुक्त हो सकते हैं।

आचार्य के भजनों में ऐसी प्रस्तुति होती है कि नारायण से स्वयं मिल रहे हैं वैसा प्रतीत होता है और मन भाव विभोर होता है। ग्राम पंचायत बेडागुड़ा के भागवत कथा में व्यवस्थापक में बुटकी नागेश एवं चंपालाल नागेश ने भरपूर सहयोग प्रदान कर भागवत कथा को बेडागुड़ा के गांव में उतारा है जो अभी तक इस कथा को सुनने में आनंदपूर्ण मिल रहा है। साथ में गांव के वरिष्ठ जनों का सहयोग सरपंच, जनप्रतिनिधियों आसपास के भक्तगण में तोकापाल, बेड़ागुड़ा, परपा, केशलुर, आरापुर, राजूर गावों से भक्तगण बढ़-चढ़कर कथा सुनने को आ रहे हैं। जिससे जीवन के जन्म मृत्यु के बंधन से मुक्ति के रास्ते ढूंढ रहे हैं। 26 दिसंबर को भागवत कथा का अंतिम अध्याय होने जा रहा है आसपास के सभी भक्तगण अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा का आनंद लें।

### स्थापना दिवस में शामिल हुए विधायक

# हल्बा-हल्बी समाज का इतिहास वैभवशाली मातृशक्ति का अनुयायी है समाज : बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड/घाटलोहंगा

बस्तर विधानसभा क्षेत्र के ग्रापं टिकनपाल में हल्बा-हल्बी समाज के 84वें स्थापना दिवस एवं शक्ति दिवस समारोह में विधायक लखेश्वर बघेल शामिल हुए। समाज की माता-बहनों ने विधि-विधान के साथ पारंपरिक तरीके से स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने हल्बा हल्बी समाज के लोगों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अमर शहीद बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते शहीद बिरसा मुंडा व शहीद गेंदसिंह के अतुलनीय योगदानों का स्मरण किया। विधायक ने कहा कि ये दोनों महान विभूतियां भारत माता के सच्चे सपूत हैं, इनका बलिदान सदैव देशवासियों को प्रेरणा देता रहेगा। शक्ति दिवस के अवसर पर विधायक ने टिकनपाल में नवनिर्मित हल्बा समाज भवन का लोकार्पण किया। समाज प्रमुखों एवं माता-बहनों को शक्ति दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि हल्बा-हल्बी समाज का इतिहास अत्यंत समृद्ध, गौरवशाली और प्रेरणादायी रहा है। यह समाज मां दंतेश्वरी को अपनी आराध्य देवी मानता है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि

■ शहीद बिरसा मुंडा व शहीद गेंदसिंह के अतुलनीय योगदानों को किया स्मरण



हल्बा समाज मूल रूप से मातृशक्ति का अनुयायी समाज है। मातृशक्ति के सम्मान और सामाजिक एकता की भावना इस समाज की सबसे बड़ी पहचान है। शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में भी हल्बा समाज हमेशा अग्रणी रहा है।

समाज के लोगों ने शिक्षा को सशक्त हथियार बनाकर आज राजनीतिक, प्रशासनिक एवं अन्य विविध क्षेत्रों में उच्च पदों पर पहुंचकर राष्ट्र और समाज सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जो पूरे बस्तर के लिए गर्व की बात है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि जब वे जिला पंचायत सदस्य एवं अध्यक्ष रहे, तभी से उन्हें लगातार हल्बा समाज के शक्ति दिवस कार्यक्रमों में शामिल होने का सौभाग्य मिलता रहा है। समाज की सबसे बड़ी ताकत उसकी एकजुटता और सामूहिक सहभागिता है। आज के विशेष शक्ति दिवस कार्यक्रम में समाज के कुछ कर्मचारी वर्ग की अनुपस्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है और भविष्य में एकजुट होकर समाजहित में कार्य करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग, माता-बहनें, युवा एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# वीर बाल शहीदों को किया नमन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण जावंगा में वीर बाल दिवस गरिमामय एवं प्रेरणादायी वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वीर बाल शहीदों के अदम्य साहस, बलिदान एवं देशभक्ति से छात्राओं को परिचित कराना तथा उनके व्यक्तित्व में साहस, आत्मविश्वास एवं राष्ट्रप्रेम की भावना का विकास करना रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भवानी पुनेम विकास खंड शिक्षा अधिकारी गीदम रहीं। अपने प्रभावशाली उद्बोधन में उन्होंने वीर बाल शहीदों के अद्वितीय साहस और बलिदान का उल्लेख करते हुए छात्राओं को जीवन में निर्भीक होकर आगे बढ़ने, चुनौतियों का डटकर सामना करने तथा कुछ कर गुजरने के लिए प्रेरित किया। विशेष रूप से उन्होंने बालिकाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के विशेष अतिथि जितेंद्र चौहान बीआरसी ने वीर बाल शहीदों के जीवन प्रसंगों के माध्यम से निडरता, दृढ़ संकल्प एवं देश के प्रति समर्पण की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी साहस बनाए रखना ही सच्ची वीरता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलदीप सिंह प्राचार्य ईएमआरएस कटेकल्याण ने की। अपने प्रेरक उद्बोधन में उन्होंने छात्राओं को वीर बाल शहीदों के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी आगंतुकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

### छात्राओं को राष्ट्रसेवा के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा दी

शिक्षक धरम राय रात्रे टीजीटी इंग्लिश ने वीर बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शहीदों के बलिदान को स्मरण किया और छात्राओं को नैतिक मूल्यों एवं राष्ट्रसेवा के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन शिवकुमार कंवर द्वारा किया गया। छात्राओं ने इस अवसर पर देशभक्ति गीत, कविता पाठ, निबंध वाचन, भाषण एवं चित्रकला के माध्यम से वीर बाल शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। जिसे उपस्थित सभी अतिथियों एवं शिक्षकों द्वारा सराहा गया। कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय के शिक्षक शुभम सागवान, बरखा नाग, छाया सिन्हा, श्रेया वर्मा एवं अजय सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिनके सहयोग से कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अंत में वीर बाल शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। यह आयोजन छात्राओं के मन में देशप्रेम, साहस, आत्मविश्वास एवं कर्तव्यनिष्ठा की भावना जागृत करने में अत्यंत सफल रहा।

## शेख नजमुल बने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने की दिशा में अल्पसंख्यक मोर्चा में नई जिम्मेदारियों की घोषणा की है।

प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव की सहमति से अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मखमूर इकबाल ने किरंदुल निवासी भाजपा के समर्पित और सक्रिय कार्यकर्ता शेख नजमुल को अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य नियुक्त किया है। इससे पूर्व में वो अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद पर रहकर सेवा दे चुके हैं। इस नियुक्ति से क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। मंडल अध्यक्ष विजय सोढ़ी ने कहा कि शेख नजमुल पूर्व में संगठन में विभिन्न दायित्वों का सफल निर्वहन कर चुके हैं और उन्हें यह जिम्मेदारी मिलना संगठन के लिए लाभकारी होगा। अल्पसंख्यक मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य की जिम्मेदारी मिलने पर उन्होंने संगठन व शीर्ष नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मखमूर इकबाल, प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, विधायक चैतराम अटामी, जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता, मंडल प्रभारी सत्यजीत सिंह चौहान व भाजपा के वरिष्ठ कनिष्ठ सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस दायित्व को निष्ठा, समर्पण और अनुशासन के साथ निभाते हुए पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करूंगा।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष धर्मपाल मिश्रा, मंडल महामंत्री विक्रम नाहक, मोहित धवन पूर्व मंडल महामंत्री संजीव दास सहित मंडल कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### जैविक कृषि ग्रामों का कलेक्टर ने किया दौरा

**दंतेवाड़ा।** प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजनान्तर्गत चयनितदंतेवाड़ा में समग्र कृषि विकास को नई दिशा देने तथा कृषि के अलावा उद्यानिकी,मत्स्य,पशुपालन विभागों की योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन और एकरूपता लाने के मद्देनजर कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने आज जैविक कृषि ग्राम झोड़ियाबाड़म में स्थित भूमगादी जैविक कृषक उत्पादक कंपनी मर्यादित का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मिलेट्स प्रसंस्करण मशीन, धान एवं पोहा प्रसंस्करण इकाई सहित अन्य स्थापित मशीनों की कार्यप्रणाली, क्षमता एवं वर्तमान उत्पादन की स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों एवं कंपनी प्रबंधन से कच्चे माल की उपलब्धता, उत्पादों की गुणवत्ता, भंडारण व्यवस्था तथा विपणन की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की।

# कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण करने पहुंचे निदेशक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान (अटारी) के निदेशक डॉ. एसआरके सिंह ने आज कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा का भ्रमण किया। इस अवसर पर किसानों के साथ संवाद, प्रशिक्षण, तकनीकी प्रदर्शन एवं प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, केवीके दंतेवाड़ा ओम प्रकाश ने कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों, सीएफएलडी कार्यक्रम तथा आर्य परियोजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर पीपीवीएफआरए के अंतर्गत चयनित किसानों बोसा राम अटामि, ग्राम कासोली, सम्भूनाथ सेडिया, ग्राम बालुद् को निदेशक डॉ. एसआरके सिंह द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही किसानों के खेतों में बुआई हेतु नवीन कृषि यंत्रों का प्रदर्शन भी किया



गया। सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए फसल चयन एवं फसल चक्र अपनाने पर बल दिया। उन्होंने स्वास्थ्य के लिए उपयोगी फसलों जैसे दलहन एवं तिलहन की खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। साथ ही जंगली पशुओं से फसलों को होने वाले नुकसान से बचाव हेतु विभिन्न व्यावहारिक उपायों की भी जानकारी दी।

# एनएमडीसी खनन एरिया का कलेक्टर ने किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर देवेश ध्रुव द्वारा आज बचेली में एनएमडीसी खनन एरिया डिपॉजिट क्षेत्र 10 का गहन निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने खनन एरिया के क्रशिंग प्लांट, वेस्ट मटेरियल डंप किये जाने क्षेत्र तथा ओर आयरन लोडिंग प्लांट का अवलोकन करते हुए एनएमडीसी प्रबंधन से विभिन्न प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी ली। कहा कि किसी भी प्रकार की आकस्मिक आपदा की पुनरावृत्ति रोकने के लिये प्रबंधन प्रभावी रणनीति और कार्ययोजना तैयार कर जिला कार्यालय के समक्ष



प्रस्तुत करें। इस क्रम में प्रबंधन द्वारा मैप के माध्यम से तैयार की गयी सुरक्षा उपायों, सावधानियों से संबंधित कार्ययोजना से अवगत कराया गया। इसके साथ ही कलेक्टर ने प्लांट परिसर में संचालित विभिन्न खनन विभाग, उत्पादन क्षमता, उत्पादन इकाईयां, सुरक्षा प्रबंधों एवं श्रमिक सुविधाओं एवं पर्यावरणीय मानकों के पालन तथा सुरक्षा उपायों सहित लाल पानी प्रभावितों के राहत हेतु किये जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी ली। इस मौके पर अपर कलेक्टर राजेश पात्रे सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# हर महीने की 7 तारीख को मनाया जाएगा आवास दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत घर बना रहे पात्र परिवारों को मदद और जागरूकता देने के लिए राज्य सरकार ने नया नियम बनाया है। ग्राम पंचायत में हर महीने की 7 तारीख को आवास दिवस मनाया जाएगा। इसी दिन चावल महोत्सव और मनरेगा रोजगार दिवस भी मनाया जाता है। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता चौबे ने सभी जनपदों को कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में निर्देश जारी कर



दिए हैं। उन्होंने बताया कि आवास दिवस मनाने से ग्रामीण परिवारों को समय पर घर बनाने में मदद मिलेगी और योजना का लाभ तेजी से ग्रामीणों तक पहुंच सकेगा। आवास दिवस पर गांव के सभी लाभार्थियों की सूची पढ़ी जाएगी, जिनका घर स्वीकृत हुआ है या जिनका घर बन रहा है।

# बाजपेयी की जयंती पर अटल परिसर का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के 101वीं जयंती के अवसर पर बचेली नगर पालिका परिषद में नवनिर्मित अटल परिसर का लोकार्पण एवं मूर्ति का अनावरण किया गया। कार्यक्रम छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तर पर वर्चुअल माध्यम से आयोजित हुआ, जिसमें पूरे प्रदेश में कुल 115 अटल परिसरों का एक साथ लोकार्पण मुख्यमंत्री ने किया। प्रदेशव्यापी इस ऐतिहासिक आयोजन की कड़ी में बचेली नगर में भी अटल परिसर का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं वैदिक विधि से पूजा-अर्चना कर उन्हें नमन किया गया।

कार्यक्रम में ओजस्वी मंडावी प्रदेश महिला आयोग सदस्य, सुनीता भास्कर अध्यक्ष जनपद पंचायत दंतेवाड़ा, लता मरकाम महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री, कमला बैरागी महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, नगर पालिका उपाध्यक्ष सतीश प्रैमचंदानी, पार्षद हरीश शर्मा, धन सिंह नाग, श्याम लाल सेठिया, दीपक सरकार, झिलकी नाग, बीना साहू, मंडल महामंत्री सुदीप्ता मंडल, कोषाध्यक्ष सूरज जायसवाल, ऊषा किरण पात्रे, राजश्री मंडावी, अरुणा टंडन, पुष्पा सिंह, लक्ष्मी पाणी, किरण भदौरिया, दिव्यो, नरेश, समेत नगर



पालिका परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी कृष्णा राव, इंजीनियर संतोष नेगी, पालिका परिषद के अधिकारी कर्मचारी, तथा नागरिक, सामाजिक प्रतिनिधि एवं पत्रकार उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने अटल के राष्ट्र निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए, जिससे आयोजन की गरिमा और भव्यता और बढ़ गई। नगर वासियों एवं जनप्रतिनिधियों ने अटल परिसर के निर्माण को बचेली नगर के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए प्रसन्नता व्यक्त की, उन्होंने कहा कि यह परिसर आने वाली पीढ़ियों को उनके विचारों, आदर्शों और राष्ट्र सेवा की शिक्षा एवं प्रेरणा देता रहेगा।

# अफसरों ने किया सेंट्रल लाइब्रेरी का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे ने पुनर्वास केंद्र, सेंट्रल लाइब्रेरी तथा गवर्नमेंट गारमेंट फैक्ट्री का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुनर्वास केंद्र में रह रहे पुनर्वासितों से उनका हालचाल जाना।

इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा पुनर्वासितो के लिए बनाए जा रहे समस्त आवश्यक दस्तावेजों, उन्हें उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों दिए जाने वाले स्टाइपेंड एवं किट बैग के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही केंद्र में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं चित्र प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया।

इसके पश्चात सेंट्रल लाइब्रेरी का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने



स्कूली बच्चों को शनिवार एवं रविवार के दिन विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सेंट्रल लाइब्रेरी से जोड़ने के निर्देश दिए। साथ ही बच्चों के लिए माइंड गेम प्रतियोगिता आयोजित करने, निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रारंभ करने एवं प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पत्र-पत्रिकाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। इसके अतिरिक्त प्रत्येक शनिवार जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को सेंट्रल लाइब्रेरी में आमंत्रित कर कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के अंतिम चरण में अधिकारियों द्वारा गारमेंट फैक्ट्री का अवलोकन किया गया।

वर्तमान में फैक्ट्री में लगभग 180 महिलाएं कार्यरत हैं, जो टी-शर्ट एवं पैंट का निर्माण कर रही हैं। अधिकारियों ने फैक्ट्री में और अधिक महिलाओं को जोड़कर रोजगार के अवसर बढ़ाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**नाम परिवर्तन की सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार लिलेश मंडावी पिता- विनोद कुमार मंडावी जाति-गोंड, निवासी ग्राम-चिचगांव, तहसील-भानुप्रतापपुर, जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.) का वास्तविक व सही नाम लिलेश मंडावी **LILESH MANDAVI**, पिता- विनोद कुमार मंडावी **VINOD KUMAR MANDAVI** है, मेरे पक्षकार के नाम पर जारी आधार कार्ड क्रमांक- 407355858617 में नाम निलेश कुमार मडावी **NILESH KUMAR MANDAVI,** पिता-विनोद कुमार मडावी **VINOD KUMAR MANDAVI** त्रुटिवश दर्ज किया गया है, जिसे सुधारा जाकर लिलेश मंडावी **LILESH MANDAVI** पिता- विनोद कुमार मंडावी **VINOD KUMAR MANDAVI** लिखा एवं पढ़ा जाने के आशय का शपथ पत्र दिनांक- 17/12/2025 को मेरे पक्षकार द्वारा अनुविभागीय दण्डाधिकारी भानुप्रतापपुर, जिला- उ.ब. कांकेर (छ.ग.) के समक्ष निष्पादित करवाया गया है। अस्तु आज दिनांक के पश्चात से, मेरे पक्षकार के नाम पर जारी आधार कार्ड में, मेरे पक्षकार का नाम लिलेश मंडावी **LILESH MANDAVI**, पिता- विनोद कुमार मंडावी **VINOD KUMAR MANDAVI** किया जावें तथा पहचाना जावें।

दिनांक :- 17.12.2025

**रीतिक गुप्ता**
**(अधिवक्ता) भानुप्रतापपुर**
**जिला- उ.ब. कांकेर (छ.ग.)**
**मो.- 9098406706**

**नाम परिवर्तन की सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार नसीमा शाहिन, पति स्व. अब्दुल खलील खान उम्र 60 वर्ष, जाति- मुस्लीम, निवासी ग्राम सलिहापारा भानुप्रतापपुर, तहसील- भानुप्रतापपुर जिला- उ.ब. कांकेर (छ.ग.) का वास्तविक व सही नाम नसीमा शाहिन **NASEEMA SHAHIN** पति स्व. अब्दुल खलील खान **ABDUL KHALIL KHAN** है, मेरे पक्षकार के नाम पर जारी आधार कार्ड क्रमांक- 8083 1540 0164 में नाम शाहीन खान **SHAHIN KHAN** पति- खलील खान **KHALIL KHAN** त्रुटिवश दर्ज किया गया है, जिसे सुधारा जाकर नसीमा शाहिन **NASEEMA SHAHIN** पति स्व. अब्दुल खलील खान **ABDUL KHALIL KHAN** लिखा एवं पढ़ा जाने के आशय का शपथ-पत्र दिनांक- 22/12/2025 को मेरे पक्षकार द्वारा अनुविभागीय दण्डाधिकारी भानुप्रतापपुर, जिला- उ.ब. कांकेर (छ.ग.) के समक्ष निष्पादित करवाया गया है। अस्तु आज दिनांक के पश्चात से, मेरे पक्षकार के नाम पर जारी आधार कार्ड में, मेरे पक्षकार का नाम नसीमा शाहिन **NASEEMA SHAHIN** पति स्व. अब्दुल खलील खान **ABDUL KHALIL KHAN** किया जावें तथा पहचाना जावें।

दिनांक :- 26.12.2025

**रीतिक गुप्ता**
**(अधिवक्ता) भानुप्रतापपुर**
**जिला- उ.ब. कांकेर (छ.ग.)**
**मो.- 9098406706**

## खबर संक्षेप

### पूर्व पीएम अटल का मनाई गई जयंती



**चारामा।** ग्राम पंचायत सिरसिदा में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपयी का जन्म जयंती श्रद्धा से मनाई गई। सर्व प्रथम ग्राम के अटल चौक पर उनके चित्र पर पुष्प माला सरपंच, पंच एवं ग्रामीणों द्वारा अर्पित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने अटल बिहारी बाजपयी के राष्ट्र निर्माण एवं उनके राजनीति जीवन के संबंध में बताया बताते हुए उनकी कविताओ को याद किया। आयोजन में ग्राम पंचायत सिरसिदा के सरपंच कैलाश कोवाची, कन्हैया सिंह ठाकुर, यादोराम साहू, सचिव सरिता देवा एवं अंश सिंह ठाकुर उपस्थित रहें।

### दुधावा का वार्षिक मेला कल, सजा मीना बाजार

**दुधावा।** जिला के ग्राम दुधावा का वार्षिक मेला 28 दिसम्बर रविवार को रखा गया है। यह मेला क्षेत्र का सबसे बड़ा मेला है, जिसमें आस-पास के देवी-देवता बड़ी संख्या में शामिल होते हैं। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी, मां की ममता, जिला मोहला अम्बागढ़ चौकी का रखा गया है। इस वर्ष मेले में मिना बाजार का भी व्यवस्था किया गया है, जिसमें लोग आकाश झुला, ब्रेक डांस, ड्रेगन झूला आदि का मजा ले सकते हैं।

### कार्यक्रम में हल्बा समाज को विधिक जानकारी मिली

**कांकेर।** आदिवासी हल्बा समाज के आयोजित कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष संजीव कुमार टामक के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शांति प्रभु जैन सचिव के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का परिचय उद्देश्य, किनको निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान कि जाती है, अनुसूचित जाति जनजाति महिलाएं बच्चे वरिष्ठ नागरिक दिव्यांग, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का निःशुल्क सहायता नम्बर, मोटरयान अधिनियम, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चे को स्कूल जरूर भेजना चाहिए तथा पढ़ाई को हर हाल में जारी रखना चाहिए, भक्त प्रह्लाद सिंहा विधिक स्वयं सेवक थाना कांकेर को निम्न विषयों पर जानकारी साझा किया गया।

## निधन

### कुन्ती दुग्गा



**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल हामतवाही के निवासी कुन्ती दुग्गा आकस्मिक निधन हो गया,वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं। अंतिम संस्कार गृह ग्राम दुर्गुकोंदल में किया गया। वे सेवानिवृत्त प्रधान पाठक श्यामलाल दुग्गा की पत्नी एवं दुर्गा समिति की उपाध्यक्ष रंजना दुग्गा की माताजी थीं।

हल्बा समाज आराध्य देवी दंतेश्वरी माई की पूजा-अर्चना करके कार्यक्रम का किया शुभारंभ

# गढ़ स्तरीय शक्ति दिवस पर सामाजिक एकता शिक्षा, स्वास्थ्य और नशा दूर रहने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल में बसे ग्राम सोनादई लोहत्तर में अखिल भारतीय हल्बा हल्बी समाज गढ़ लोहत्तर में हल्बा समाज ने अपनी आराध्य देवी दंतेश्वरी माई की पूजा अर्चना कर शहीद गैंदसिंह नायक, सुखदेव पातर पातर हल्बा को याद कर शुक्रवार को ग्राम सोनादई में गढ़ स्तरीय शक्ति दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान समाज की महिलाओं और युवाओं ने माई दंतेश्वरी मंदिर से रैली निकालते हुए गांव का भ्रमण किया। इसके बाद दंतेश्वरी माई और शहीद गैंदसिंह नायक के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की गई।



आयोजन को सम्बोधित करते हुए विकास राजु नायक सहित समाज के वक्ताओं ने कहा कि हल्बा आदिवासी समाज के द्वारा 1998 से प्रति वर्ष यह पुरे भारत में हल्बा समाज की एकता और अखंडता का प्रतीक शक्ति दिवस 26 दिसंबर को बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। कार्यक्रम में समाज की रीति-रिवाज, सभ्यता-संस्कृति का बोध होता है। यह समाज आदिवासी वर्ग के स्वभाव से सरल अपने मे एक आदर्श होते है, जिसके चलते हल्बा आदिवासी समाज अपने विचारों पर चलने वाली समाज है। बस्तर की प्राचीन राजधानियों में से एक बड़े डोंगर हल्बा समाज का प्राचीन काल से मुख्यालय है। हल्बा समाज के प्रवक्ता सबल दीवान ने कहा कि शिक्षा के प्रति जोर का मतलब है ज्ञान प्राप्ति, नैतिक विकास और कौशल निर्माण पर ध्यान केंद्रित करना, जो व्यक्तियों और समाज को सशक्त बनाता है; भारत में, राष्ट्रीय शिक्षा नीति जैसे प्रयास इसी जोर को दर्शाते हैं, जिसका लक्ष्य समावेशी, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से भारत को एक ज्ञान-आधारित समाज में बदलना है, जिसमें तकनीकी, व्यावसायिक और समग्र विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है, ताकि छात्र भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें और जीवन के हर पहलू में सफल हो सकें। जोन प्रभारी नंदकुमार देहारी ने नशा मुक्त समाज के बारे में जोर देते हुए कहा कि भारत को युवा देश माना जाता है। हमें युवाओं को नशे से बचाकर युवा शक्ति का राष्ट्र निर्माण में प्रयोग करना है। इस अवसर पर बिदेसिंह देहारी, हंसाराम राना, गंगाराम राना, वंशज ढाल सिँह पातर, देवलु देहारी, पुरुषोत्तम देहारी, बिसाहू चूरपाल, जगबंधु घूमरा, नंदकुमार देहारी, सबल दीवान, घूमसीला ठाकुर, इंद्रा देहारी, मिथिला दीवान, कुंती नायक, जिनका दीवान, शामबाई, गंगा बाई, सिरों बाई, कंवल दीवान, सगनू दीवान, अश्वनी गुरुवर, सुंदर पात्र, कदम दीवान, मन्नू दीवान, अनिल कश्यप, सुरेश दीवान, नरेश दीवान, गुरुदेवल दीवान,भिखम देहारी, पूनम देहारी, काजल राना, यामिनी दीवान, पल्वी दीवान, दीपिका देहारी, ज्योति दीवान, पूनम राना, गंगा नागेश, दुकेश देहारी सहित वरिष्ठ सगाजनों की उपस्थिति में शक्ति दिवस मनाया गया।

## बरगांव में हल्बा समाज ने मनाया शक्ति दिवस, निकली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

दुर्गुकोंदल के ग्राम बरगांव में अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी समाज द्वारा शक्ति दिवस पर्व धूमधाम से मनाया गया। दो दिवसीय इस महोत्सव में समाज की समृद्ध संस्कृति, अटूट आस्था और खेलकूद का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच हरीशा मंडावी रही।

कार्यक्रम की शुरुआत माता दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना के साथ हुई। समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में अपने सिर पर मंगल कलश लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली। यह यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए शीतला मंदिर प्रांगण पहुंची। मंदिर परिसर में विधि-विधान से कलश स्थापना की गई और पूजा-पाठ संपन्न हुआ, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। सामाजिक एकता को मजबूत करने और ग्रामीण खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए हल्बा समाज के युवाओं द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बरगांव के साथ-साथ आसपास के गांवों के प्रतिभागियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच हरिषा सरोज मंडावी ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि हल्बा समाज छत्तीसगढ़ की संस्कृति को जीवंत रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने खेलकूद के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच मिलता है और गांव के पुरुष व महिलाओं में उत्साह का संचार होता है। इस मौके पर परमेश गढ़िया, आसाराम, राजू रावटे, भूषण रावटे, कमलेश रावटे, जोगेंद्र फरदिया, नारायण सिंह, चुम्मन फरदिया, जितेंद्र, नरेश रावटे सहित समाज के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पीएमश्री आत्मानंद में उत्साह से मनाया गया वीर बाल दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में आज वीर बाल दिवस श्रद्धा, सम्मान और प्रेरणादायक वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य देश के इतिहास में अमिट योगदान देने वाले वीर बालकों की शहादत को स्मरण कर नई पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति, साहस और नैतिक मूल्यों का संचार करना रहा।

कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित वीर बाल दिवस का सीधा प्रसारण लिंक के माध्यम से भारत मंडपम नई दिल्ली से किया गया। इस प्रसारण को विद्यालय परिसर में प्राचार्य, शाला समिति अध्यक्ष, शिक्षकगण तथा छात्र-छात्राओं ने एक साथ देखा। प्रसारण के दौरान बच्चों ने वीरता, बलिदान और इतिहास से जुड़े प्रेरक प्रसंगों को ध्यानपूर्वक सुना और समझा। विद्यालय में इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा पूर्व से तैयार की गई ड्राइंग एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। बच्चों ने अपने चित्रों और लेखों के माध्यम से वीर बालकों के साहस, धर्मनिष्ठा और अद्वितीय बलिदान को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्राचार्य अजय नेताम ने कहा कि वीर बाल दिवस हर वर्ष 26 दिसंबर को सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। कार्यक्रम के अंत में ड्राइंग एवं निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

## धान बिक्री से पारंपरिक मड़ई मेले की तैयारियों को मिलेगी मजबूती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत जिले के किसान अपना धान बेचकर उससे मिले पैसों से जरूरी खर्च के साथ साथ दैनंदिनी का शौक भी पूरा कर रहे हैं। बस्तर संभाग के ग्रामीणों के द्वारा अपनी सांस्कृतिक एवं पारंपरिक विरासतों को विशेष रूप से प्राथमिकता दी जाती है।



हाट बाजार और मड़ई मेलों में जाकर अपनी पसंद की चीजें खरीदना उन्हें बेहद पसंद है। किसान सराधू राम सेवता भी उन किसानों में शुमार हैं जो धान बेचकर उससे प्राप्त पैसे से अपने सांस्कृतिक और पारंपरिक शौक को पूरा करेंगे। जिले के चारामा विकासखंड के ग्राम गितपहर निवासी किसान सेवता ने बताया कि वे 2.5 एकड़ भूमि पर खेती करते हैं और उनके परिवार में कुल 4 सदस्य हैं, जो खेती-किसानी के कार्यों में सक्रिय रूप से सहयोग करते हैं। किसान ने धान खरीदी केंद्र गितपहर में 20.80 क्विंटल धान का विक्रय किया है। समर्थन मूल्य पर समयबद्ध धान खरीदी से प्राप्त राशि से उनकी आर्थिक स्थिति में मजबूती आई है। उन्होंने बताया कि धान बिक्री से मिली राशि का उपयोग वे आने वाले पारंपरिक मड़ई मेले की तैयारियों एवं आवश्यक घरेलू जरूरतों में करेंगे। किसान ने राज्य शासन की किसान हितैषी नीतियों और समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था के लिए शासन का आभार व्यक्त किया है। उनका कहना है कि इस व्यवस्था से न केवल किसानों की आय में वृद्धि हो रही है, बल्कि ग्रामीण संस्कृति और परंपराओं को भी संबल मिल रहा है।

## नारियल फोड़कर और अगरबत्ती जलाकर, युवाओं का विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल में चार-चार खदानें संचालित होने और प्रतिदिन करोड़ों रुपए का खनिज निकासी होने के बावजूद क्षेत्र की सड़कों की बदहाल स्थिति को लेकर युवाओं में गहरा आक्रोश देखने को मिला। इसी नाराजगी के बीच शुक्रवार को सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग के युवाओं ने शासन और प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए एक अनोखा एवं प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया।



युवा प्रभाग के साथियों ने दुर्गुकोंदल में नारियल फोड़कर और अगरबत्ती जलाकर सरकार, मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों को जगाने का संदेश दिया। युवाओं का कहना था कि विकासखंड में रोजाना करोड़ों रुपये की खनिज संपदा बाहर जा रही है, लेकिन बदले में यहां की सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। गांवों को जोड़ने वाली मुख्य और संपर्क सड़कें जर्जर हालत में हैं, जिससे आमजन, स्कूली बच्चों, मरीजों और ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस अवसर पर जिला सचिव राजेश गोटा ने कहा कि दुर्गुकोंदल क्षेत्र खनिज संपदा से समृद्ध है, लेकिन बुनियादी सुविधाओं के नाम पर स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि जब शासन और प्रशासन सोए हुए नजर आते हैं, तब युवाओं को प्रतीकात्मक तरीके से उन्हें जगाने का प्रयास करना पड़ता है। युवा प्रभाग के प्रवक्ता दीपक कल्लो ने कहा कि यह प्रदर्शन किसी राजनीतिक दल के विरोध में नहीं, बल्कि जनहित की आवाज है, ताकि जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि क्षेत्र की दुर्दशा को गंभीरता से लें। कार्यक्रम में उपस्थित जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई ने भी सड़क समस्या को गंभीर बताते हुए कहा कि खनन से मिलने वाली आय का उचित उपयोग क्षेत्र के विकास, विशेषकर सड़क निर्माण में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते सड़कों की मरम्मत और निर्माण नहीं किया गया, तो जनआक्रोश और बढ़ेगा। युवाओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सड़कों की स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। यह अनोखा विरोध प्रदर्शन क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और अब सभी की नजरें शासन-प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं। प्रदर्शन में मनेश सलाम, विष्णु कोवाची, नारायण दुग्गा, प्रदीप कोमरा, सुनील नेताम, अनिल नेताम सहित बड़ी संख्या में युवा और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## सुशासन दिवस एवं सुशासन सप्ताह पर की गई कार्यशाला

**चारामा।** जनपद पंचायत चारामा में भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर बाजपेयी के तैलचित्र पर पर माल्यार्पण कर सुशासन दिवस मनाया गया। प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग कार्मिक लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय भारत सरकार के गाइडलाइन 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह गुड गवर्नेंस वीक में प्रशासन गांव की ओर संबंधित विकास खण्ड के विभागीय अधिकारी कर्मचारियों का एक दिवसीय कार्यशाला जनपद पंचायत चारामा



के सभा कक्ष में आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर वीबीजीरामजी एक्ट 2025 के संबंध में 125 दिन की रोजगार गारंटी के संबंध में जानकारी देते हुए व्यापक प्रचार प्रसार करने का आव्हान किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद सभापति अमिताभ बंजारे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, एसडीओ, आरईएस, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, पीएचई विभाग, कृषि विभाग, पशु स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने परामर्शदात्री समिति की बैठक में उठाए लंबित मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

प्रदेश के तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा विभागीय कर्मचारियों से जुड़ी वर्षों से लंबित समस्याओं के निराकरण को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। संघ ने संचालक, समाज कल्याण संचालनालय, समाज कल्याण परिसर माना कैम्प, जिला रायपुर को विभागाध्यक्ष स्तर पर आयोजित संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक के लिए विस्तृत एजेंडा प्रस्तुत किया है। यह एजेंडा दिनांक 26 दिसंबर को आयोजित प्रस्तावित बैठक के संदर्भ में सौंपा गया है।



संघ ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि संदर्भित पत्र के तारतम्य में समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत कार्यरत तृतीय वर्ग एवं अन्य कर्मचारियों की समस्याएं लंबे समय से लंबित हैं, जिनका समाधान संयुक्त परामर्शदात्री समिति के माध्यम से किया जाना आवश्यक है, इसी क्रम में संघ द्वारा कुल 11 बिंदुओं का एजेंडा प्रस्तुत किया गया है। बस्तर संभाग, धमतरी सहित अन्य जिलों में नियम विरुद्ध की गई लिपिकों की भर्ती, पदोन्नति एवं पदस्थापना की जांच के लिए एक स्वतंत्र समिति गठित करने की मांग संघ ने की है, वहीं विभागाध्यक्ष कार्यालय एवं जिला स्तर पर रिक्त पदों की शीघ्र पूर्ति को भी एजेंडा का हिस्सा बनाया गया है, प्रदेश में समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को वित्त निर्देश क्रमांक 31/17 दिनांक 12 जुलाई 2017 के अनुसार कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रक्रिया उपबंध अधिनियम 1952 के तहत सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई है। साथ ही दैनिक वेतनभोगी एवं अनियमित कर्मचारियों के श्रम सम्मान निधि भुगतान की आवेदन स्थिति से कर्मचारियों को अवगत कराने की मांग की गई है, एजेंडा में यह भी उल्लेख किया गया है कि मध्य प्रदेश की भांति छत्तीसगढ़ में भी विभाग के अंतर्गत कार्यरत दैनिक वेतनभोगी एवं अनियमित कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा प्रदान की जाए, इसके अतिरिक्त दिव्यांग कर्मचारियों को आरक्षण का लाभ देते हुए तत्काल पदोन्नति दिए जाने की मांग संघ द्वारा की गई है।

महोत्सव में राज्य के 33 जिलों के प्रतिभागी हुए शामिल

# राज्य युवा महोत्सव में कांकेर टीम के उम्दा प्रदर्शन पर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ राज्य युवा महोत्सव 2025 का आयोजन 23 से 25 दिसंबर तक बिलासपुर में संपन्न हुआ। महोत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 23 दिसंबर को उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा की उपस्थिति में किया।



जिला खेल अधिकारी ने बताया कि महोत्सव में राज्य के 33 जिलों से आए प्रतिभागियों ने कुल 14 विधाओं में सहभागिता की, जिनमें वाद-विवाद, पारंपरिक वेशभूषा, लोकनृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, कर्मा नृत्य, रॉक बैंड, एकांकी, लोकगीत, चित्रकला तथा कहानी एवं कविता लेखन जैसी विधाएं शामिल रही, जिसमें लगभग 03 हजार प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें 1,016 महिला, 1,048 पुरुष प्रतिभागी एवं लगभग 01 हजार स्टॉफ सदस्य शामिल रहे। कांकेर जिले से कुल 90 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि बिलासपुर में आयोजित युवा महोत्सव के समापन समारोह में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू उपस्थित रहे। इस दौरान खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स छत्तीसगढ़ 2026 की लॉन्चिंग सेरेमनी भी आयोजित की गई, जो प्रदेश के आदिवासी युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रतियोगिता में राउत नाचा विधा में कांकेर जिले की टीम को द्वितीय स्थान मिला, जिसमें योगेश्वर यादव, छमेश यादव, टिकेश्वर यादव, मोतीलाल यादव, हरीश यादव, सौनक यादव, योगेश यादव, अनिल यादव, शैलेन्द्र यादव शामिल थे। इसी तरह पारंपरिक वेशभूषा विधा में रामचरण उइके ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ राज्य युवा महोत्सव 2025 युवाओं की प्रतिभा, संस्कृति एवं रचनात्मकता को समर्पित एक सफल, अनुशासित एवं प्रेरणादायी आयोजन सिद्ध हुआ। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने प्रतिभागियों को उनकी जीत के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### आपदा पीड़ित परिवारों को 8 लाख की सहायता

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ति परिवारों के मृतकों के आश्रितों के लिए 8 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।




